# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/1211 दिनांक 09/05/2013

## // अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.(होमसाइंस) द्वितीय सेमेस्टर (नियमित/ ए.टी.के.टी.–एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) तथा (ए.टी.के.टी.–ऑल्ड कोर्स) परीक्षा जून–2013** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

| विवरण | **परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तिथि एवं शुल्क विवरण | बी.एससी./ बी.एससी.(होमसाइंस) | बी.ए. | बी.कॉम. |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 10.05.2013 से 18.05.2013 तक | 10.05.2013 से 18.05.2013 तक | 10.05.2013 से 18.05.2013 तक |
| | **प्रथम सेमेस्टर की मूल परीक्षा शुल्क में की गयी कमी का लाभ छात्र को द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा शुल्क में प्रदान करने के उपरान्त परीक्षा शुल्क निम्न प्रकार हैः–** | | | |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | **रूपये 1095/–** | **रूपये 635/–** | **रूपये 635/–** |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | **रूपये 1395/–** | **रूपये 935/–** | **रूपये 935/–** |
| | एटीकेटी (एकल प्रश्न–पत्र) | **रूपये 460/– प्रति विषय** | **रूपये 460/– प्रति विषय** | **रूपये 460/– प्रति विषय** |
| | एटीकेटी (ऑल्ड कोर्स) | **रूपये 550/– प्रति विषय** | **रूपये 550/– प्रति विषय** | **रूपये 550/– प्रति विषय** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 21.05.2013 | 21.05.2013 | 21.05.2013 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 23.05.2013 | 23.05.2013 | 23.05.2013 |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | दिनांक 27.05.2013 | | | |

## परीक्षा प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स हेतु विशेष दिशा–निर्देश

## Most Important Instruction of Examination Incharge & Computer Operators

1. **सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा जो भी परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की अधिसूचना जारी की जाती है, प्रायः उसे नहीं पढ़ा जाता / अथवा अधिसूचना पूर्व की भांति ही होगी, समझकर पढ़ने से छोड़ दिया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रसारित अधिसूचना में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दिये जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप परीक्षार्थियों को किसी भी समस्या के समाधान के लिये विश्वविद्यालय कार्यालय में संपर्क करने को कह दिया जाता है। प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थियों की ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी समस्याओं का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर कर दिया जावे और विशेष परिस्थितियों में ही परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय कार्यालय भेजें। यदि ऑनलाइन संबंधी कोई समस्या आ रही है तो ऐसी परिस्थिति में परीक्षा प्रभारी/कम्प्यूटर ऑपरेटर्स विश्वविद्यालय कार्यालय में आकर संपर्क करें।**

2. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर ऑनलाइन उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

3. परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 एटीकेटी परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें से 110/– रूपये की राशि चालान में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान पूर्व की भांति महाविद्यालय छात्रों से प्राप्त करें। जिन परीक्षार्थियों ने बी.ए. की कक्षा में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र/छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/– रूपये की अतिरिक्त राशि भुगतान करना होगी।

4. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है छात्र परीक्षा आवेदन–पत्र दुबारा से ऑनलाइन अपडेट करें और दुबारा अपडेट किया हुआ परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट कर लें। विषय–समूह में कोई गलती होती है तो इसके लिये संबंधित छात्र/प्रभारी प्राध्यापक एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

4. स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.(होमसाइंस) में तीन प्रकार की कक्षाओं में आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरवाये जाना है। उदाहरणार्थ कक्षाओं की स्थिति निम्नानुसार होगीः–

(i) B.A. - II Sem. **(<u>Regular</u>)** Exam June-2013
(ii) B.A. - II Sem. **(<u>ATKT - New Course</u>)** Exam June-2013
(iii) B.A. - II Sem. **(<u>ATKT - Old Course</u>)** Exam June-2013
(iv) B.Com. - II Sem. **(Regular)** Exam June-2013
(v) B.Com. - II Sem. **(ATKT - New Course)** Exam June-2013
(vi) B.Com. - II Sem. **(ATKT - Old Course)** Exam June-2013
(vii) B.Sc. - II Sem. **(Regular)** Exam June-2013
(viii) B.Sc. - II Sem. **(ATKT - New Course)** Exam June-2013
(ix) B.Sc. - II Sem. **(ATKT - Old Course)** Exam June-2013
(x) B.Sc. (Home Science) - II Sem. **(Regular)** Exam June-2013
(xi) B.Sc. (Home Science) - II Sem. **(ATKT - New Course)** Exam June-2013
(xii) B.Sc. (Home Science). - II Sem. **(ATKT - Old Course)** Exam June-2013

5. परीक्षा प्रभारी/कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./ बी.एससी./बी.एससी. (होमसाइंस) ए.टी.के.टी. ऑल्ड कोर्स की नीचे वर्णित कक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन नहीं भेजे गये है, इसलिये कम्प्यूटर ऑपरेटर्स के लिये ''न्यू एक्जाम फार्म'' ऑप्सन की लाइने प्रारम्भ कर दी गयी है, जिसमें जाकर पात्रता प्राप्त परीक्षार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरें और ''प्रिन्ट एक्जाम फार्म'' ऑप्सन के माध्यम चालान फार्म प्रिन्ट कर परीक्षार्थियों को वितरित करें।

**(i) B.A. - II Sem. (ATKT - Old Course) Exam June-2013**
**(ii) B.Com. - II Sem. (ATKT - Old Course) Exam June-2013**
**(iii) B.Sc. - II Sem. (ATKT - Old Course) Exam June-2013**
**(iv) B.Sc. (Home Science). - II Sem. (ATKT - Old Course) Exam June-2013**

6. कम्प्यूटर ऑपरेटर्स परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरते समय विशेष सावधानी रखें कि यदि परीक्षार्थी 'ऑल्ड कोर्स' को हो तो ''ए.टी.के.टी. ऑल्ड कोर्स'' वाली कक्षा में फार्म भरें और यदि 'न्यू कोर्स' का छात्र हो तो ''ए.टी.के.टी. न्यू कोर्स'' वाली कक्षा में फार्म भरें। ज्ञात हो कि पूर्व में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र गलत भरे गये थे, इस कारण परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा था।

8. परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप से चैक कर लें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।

9. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में आये दिन छात्र–छात्राओं द्वारा शिकायत की जाती है कि अंकसूची में छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग की त्रुटियां रह जाती हैं, इस कारण छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर दुबारा अंकसूची बनवानी पड़ती है, जिसमें परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता के नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के अग्रेषणकर्त्ता/प्राचार्य की होगी। इसलिये महाविद्यालय स्तर पर परीक्षा आवेदन–पत्र भरते समय छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग त्रुटि के संबंध में ''छात्र जागरुकता अभियान'' चलाया जावे, जिससे स्पेलिंग त्रुटि संबंधी समस्या का समाधान हो सके।

C.Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/ दिनांक : 09/05/2013

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .................................................................. की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**सहायक/उप–कुलसचिव (परीक्षा)**